तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधाराज के वार्षिक ...



12 तीन और धान उपार्जन केन्द्रों में करीब 46369 क्विं धान शॉर्टेज



## खबर संक्षेप

### चीजगांव में नवधा रामायण का आयोजन आज से

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ ग्राम चीजगांव में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह का आयोजन रखा गया है। आयोजन 13 जनवरी से लेकर 16 जनवरी तक कुल चार दिन चलेंगे। आयोजन में समस्त धर्मप्रेमी जनों को आमंत्रित किया जा रहा है। समिति अध्यक्ष, कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी चीजगांव में तैयारी को लेकर जुट गए हैं। नवधा रामायण का आयोजन दुर्गा मंच प्रागंण पर रखा गया है।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं



**बेमेतरा।** जिले में आम नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार को आयोजित होने वाले जनदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत कलेक्टरेट स्थित दृष्टि सभा कक्ष में जनदर्शन का आयोजन किया गया। जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री प्रतिष्ठा ममगाईं ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। जनदर्शन के दौरान नागरिकों ने अपनी विभिन्न मांगों, शिकायतों एवं समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को दूरभाष पर एवं समक्ष बुलाकर प्रकरणों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए। कई प्रकरणों का समाधान मौके पर ही किया गया। आयोजित जनदर्शन में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 49 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण किया गया, जबकि गंभीर एवं जांच योग्य आवेदनों को समय-सीमा (टीएल) पंजी में दर्ज कर नियमानुसार शीघ्र निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। जनदर्शन में निराश्रित एवं वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, बैटरी चालित ट्रायसायकल, प्रधानमंत्री आवास योजना, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा हटाने, आम रास्ता खुलवाने सहित अन्य जनहित से जुड़े विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदकों को उनकी समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चाकू लहराते हुए युवक गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** पुलिस ने चाकू लहराते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि राहुल यादव नामक युवक मोहल्ले में गाली गलौच कर रहा था। जब एक युवक ने उसका विरोध किया तो राहुल ने अपने पास रखे धारदार चाकू को निकाला और लहराते हुए उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस मौके पर पहुंची तो गौतम नगर निवासी राहुल यादव भाग गया। बाद में उसे गिरफ्तार किया

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर पीजी कॉलेज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, 21 यूनिट रक्त संग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर शासकीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बेमेतरा में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में युवाओं एवं महाविद्यालय परिवार की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिसमें कुल 21 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर में जिला चिकित्सालय बेमेतरा के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. पी.आर. पोपटानी के नेतृत्व में मेडिकल टीम द्वारा सेवाएं दी गईं।कार्यक्रम के अंत में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिला चिकित्सालय बेमेतरा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान के लिए सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए समाजहित में ऐसे आयोजनों को निरंतर जारी रखने की अपील की गई।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर युवाओं ने दिखाया सेवा भाव



#### ये रहे उपस्थित

टीम में भूपेंद्र कुर्रे (एमएलटी), हरिशंकर (एमएलटी), धनु वर्मा (एमएलटी) कुलेश्वरी साहू (काउंसलर), जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के एसटीआई परामर्शदाता विनेश्वर जायसवाल, वाहन चालक रामचरण, ऋषि जांगड़े एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वीणा त्रिपाठी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी जितेंद्र बारले, कॉलेज स्टाफ बी.आर. साहू, डॉ. पायल गोस्वामी, डॉ. राजश्री साहू, पुन्नी बाई केवर्थ सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्टाफ उपस्थित रहे।

#### इन्होंने किया रक्तदान

रक्तदान करने वालों में महेश्वर साहू, दुर्गेश्वरी साहू, राहुल जायसवाल, साहिल कुमार, डोमन कुमार, देवघर वर्मा, तारकेश्वर, मनजीत रात्रे, रामदेव साहू, स्नेहा सोनकर, बी.आर. साहू, प्रकाश रजक, भानु प्रताप, खुशी यादव, मनोज कुमार यादव, युवराज, राहुल पाल, देवेंद्र, पुन्नी बाई निषाद, दुष्यंत कुमार साहू एवं आसिफ राजा खान शामिल रहे।

### नियम उल्लंघन पर आगे होगी कठोर कार्रवाई: प्रशासन

# बस स्टैंड परिसर में अतिक्रमण पर प्रशासन सख्त, चलाया समझाइश अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- यात्रियों की सुविधा के लिए चलाया गया अभियान

नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थल बस स्टैंड परिसर में लगातार बढ़ते अतिक्रमण को लेकर सोमवार को प्रशासन ने समझाइश अभियान चलाया। यात्रियों की सुविधा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए गए इस अभियान में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में नगर पालिका, राजस्व तथा अन्य संबंधित विभागों की संयुक्त टीम मौके पर मौजूद रही।

प्रशासन को पिछले कुछ समय से बस स्टैंड परिसर में दुकानों, ठेला-गुमटियों और अस्थायी निर्माणों के कारण आवागमन बाधित होने की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने पहले चरण में समझाइश का रास्ता अपनाया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों और ठेला-व्यवसायियों को स्पष्ट रूप से अवगत कराया



कि बस स्टैंड एक सार्वजनिक स्थल है, जहाँ किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नियमों के विरुद्ध है। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण के चलते यात्रियों, महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को बसों तक पहुँचने में कठिनाई होती है, वहीं आपात स्थिति में वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए सभी अतिक्रमणकारियों को स्वेच्छा से अपना अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए।

#### प्रशासन का उद्देश्य किसी का रोजगार छीनना नहीं: नपाध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी का रोजगार छीनना नहीं है, बल्कि बस स्टैंड परिसर को व्यवस्थित और सुरक्षित बनाना है। उन्होंने दुकानदारों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि तय सीमा में रहकर ही व्यापार करें, ताकि आम जनता को परेशानी न हो।

#### नागरिकों और यात्रियों ने किया प्रशासन की इस पहल का स्वागत

प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया कि यह केवल समझाइश अभियान का पहला चरण है। यदि भविष्य में नियमों का उल्लंघन पाया गया या पुनः अतिक्रमण किया गया तो संबंधितों के विरुद्ध जुर्माना, जब्ती और हटाने जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान प्रशासनिक अमले ने बस स्टैंड परिसर का निरीक्षण कर अतिक्रमण की स्थिति का जायजा लिया और चिन्हित स्थानों पर चेतावनी दी। स्थानीय नागरिकों और यात्रियों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे बस स्टैंड परिसर में व्यवस्था सुधरेगी और आवागमन पहले से अधिक सुगम होगा। प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि आगे भी नियमित निगरानी कर बस स्टैंड परिसर को अतिक्रमण मुक्त रखने की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम यातायात सुविधा मिल सके।

# पैसों के विवाद में बड़े भाई ने अपने भाई की ली जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- लोहे के सब्बल से सिर पर वार, आरोपी गिरफ्तार

देवरबीजा पुलिस चौकी अंतर्गत एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर बड़े भाई ने गुस्से में आकर अपने ही छोटे भाई की लोहे के सब्बल से सिर पर वार कर निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी बुधराम देशलहरे (61 वर्ष) निवासी देवरबीजा ने पुलिस चौकी देवरबीजा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके भतीजे जगमोहन देशलहरे एवं जगन्नाथ उर्फ जग्नू देशलहरे (26 वर्ष) दोनों इंदिरा आवास, देवरबीजा में साथ रहते थे। दिनांक 12 जनवरी 2026 की रात करीब 2 बजे पड़ोसियों द्वारा फोन कर सूचना दी गई कि जगमोहन ने अपने छोटे भाई जगन्नाथ की हत्या कर दी है। बताया गया कि घटना की रात करीब 1 बजे, आरोपी जगमोहन ने अपने छोटे भाई से शराब पीने के लिए पैसे मांगे। पैसे देने से इंकार करने पर वह अत्यधिक आक्रोशित हो गया और घर में रखे लोहे के सब्बल से जगन्नाथ के सिर पर जोरदार वार कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक का शव घर की परछी में पड़ा मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग क्रमांक धारा 194 बी.एन.एस.एस. के तहत मामला कायम कर जांच प्रारंभ की। विवेचना के दौरान हत्या का स्पष्ट प्रमाण पाए जाने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 103(1) बीएनएस के ▶▶| शेष पेज 13 पर

# पढ़े-लिखे युवाओं के लिए जीवनसाथी चयन में बढ़ रही हैं चुनौतियां: सांसद बृजमोहन अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खमरिया

- एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का समापन, दो दिनों में 230 प्रत्याशियों का हुआ परिचय

छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा आयोजित दो दिवसीय एजुकेटेड परिचय सम्मेलन का भव्य समापन 11 जनवरी को किया गया। इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे अग्रवाल समाज के युवक-युवतियों सहित कुल लगभग 230 प्रत्याशियों का हाईटेक स्टूडियो माध्यम से परिचय कराया गया। दोनों दिनों तक चले इस परिचय सम्मेलन का शुभारंभ सुबह से हुआ, जो 11 जनवरी को शाम 5 बजे समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व मंत्री एवं रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल उपस्थित रहे। समारोह को



संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि आज अग्रवाल समाज में पढ़े-लिखे युवाओं के लिए उपयुक्त जीवनसाथी ढूंढना एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है, ऐसे में छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच द्वारा किया जा रहा यह प्रयास अत्यंत सराहनीय और समय की आवश्यकता है। उन्होंने मंच के इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए इसे समाज के लिए उपयोगी पहल बताया। इस अवसर पर मंच परिवार की ओर से सांसद बृजमोहन अग्रवाल का स्वागत, अभिनंदन एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

#### परिचय सम्मेलन को समाज के लिए बताया मील का पत्थर

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. कमलेश्वर अग्रवाल सहित अन्य अतिथियों ने भी परिचय सम्मेलन को समाज के लिए मील का पत्थर बताया। दो दिवसीय आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों से अग्रवाल समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ ▶▶| शेष पेज 13 पर

# बेमेतरा में एनडीआरएफ का फेमेक्स-2026 का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आपदा की स्थिति में जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनडीआरएफ (गृह मंत्रालय, भारत सरकार) की 3 वाहिनी मुण्डली कटक (ओडिशा) द्वारा जिला

- 12 से 24 जनवरी तक जिले भर में मॉकड्रिल और प्रशिक्षण कार्यक्रम
- आपदा से निपटने की व्यावहारिक तैयारी पर रहेगा विशेष फोकस

बेमेतरा में फुल स्केल एक्सरसाइज (फेमेक्स-2026) एवं सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यक्रम 12 जनवरी से 24 जनवरी 2026 तक जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शैक्षणिक संस्थानों में आयोजित होगा। यह आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के मार्गदर्शन में राहत एवं आपदा शाखा के समन्वय से किया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य



आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवी संगठनों को प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदाओं के दौरान क्या करें और क्या न करें की व्यावहारिक जानकारी देना है।

कार्यक्रम के दौरान एनडीआरएफ की विशेषज्ञ टीम द्वारा बाढ़, आगजनी, भूकंप, सड़क दुर्घटना, औद्योगिक हादसे, भवन ध्वस्तीकरण एवं गैस रिसाव जैसी आपदा परिस्थितियों पर वास्तविक हालात के अनुरूप फेमेक्स एवं मॉकड्रिल का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें रेस्क्यू ऑपरेशन, प्राथमिक उपचार, घायलों को सुरक्षित निकालने एवं त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने की विधियों का जीवंत अभ्यास कराया जाएगा। फेमेक्स-2026 के सफल क्रियान्वयन के लिए पुलिस, स्वास्थ्य, नगर पालिका, अग्निशमन, राजस्व विभाग, होमगार्ड सहित अन्य संबंधित विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। साथ ही एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड्स, स्वयंसेवी संगठन एवं आपदा मित्रों को भी कार्यक्रम में जोड़ा गया है।

#### यहां होंगे कार्यक्रम

कार्यक्रम के तहत 12 जनवरी लोलेसरा एवं गुनरबोड़ किया गया। आज 13 जनवरी दाढ़ी एवं छिरहा,14 जनवरी सरदा 15 जनवरी सांकरा, 16 जनवरी देवरबीजा बेरला, 17 जनवरी आत्मानंद विद्यालय साजा, 19 जनवरी केहका, 20 जनवरी थानखम्हरिया, 21 जनवरी देवकर एवं नवीन महाविद्यालय परपोड़ी, 22 जनवरी नवागढ़ एवं के.आर.डी. महाविद्यालय, 23 जनवरी नांदघाट, 24 जनवरी आईटीआई मारो में मॉकड्रिल एवं प्रशिक्षण आयोजित होंगे।

**यह एक पूर्व नियोजित अभ्यास: जिला प्रशासन:** जिला प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि मॉकड्रिल के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या घबराहट से बचें, क्योंकि यह एक पूर्व नियोजित अभ्यास है। प्रशासन का मानना है कि इस प्रकार के अभ्यासों से जिले का आपदा प्रबंधन तंत्र अधिक सशक्त, सतर्क एवं आपदा के लिए पूरी तरह तैयार बनेगा।

### प्री-बोर्ड की हड़बड़ी से अधूरा कोर्स, रीविजन का समय नहीं

# परीक्षाओं का बढ़ता दबाव, छात्र और शिक्षक दोहरी मुश्किल में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- जिले के सरकारी स्कूलों में इन दिनों पढ़ाई से ज्यादा

जिले के सरकारी स्कूलों में इन दिनों पढ़ाई से ज़्यादा परीक्षाओं का दबाव हावी है। छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी नए निर्देशों ने 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के साथ-साथ शिक्षकों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। हालात यह हैं कि छात्र अभी प्रायोगिक परीक्षाओं के तनाव से उबर भी नहीं पाए थे कि 16 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षा शुरू होने की सूचना जारी कर दी गई। निर्देशों के अनुसार प्री-बोर्ड परीक्षाएं 16 जनवरी से 23 जनवरी तक आयोजित की जाएंगी। महज कुछ ही दिनों में सभी मुख्य विषयों की परीक्षा कराने के आदेश ने छात्रों को असमंजस में डाल दिया है। छात्रों का कहना है कि इतने कम समय में सभी विषयों की तैयारी कर पाना बेहद कठिन है। वर्तमान में छात्र एक साथ तीन मोर्चों पर जूझ रहे हैं। 1 जनवरी से शुरू हुई प्रायोगिक परीक्षाएं 20 जनवरी तक चलेंगी। इसी बीच 16 जनवरी से प्री-बोर्ड परीक्षाएं भी शुरू हो रही हैं। वहीं विभागीय आदेश के अनुसार जिन दिनों परीक्षा नहीं होगी, उन दिनों नियमित कक्षाएं संचालित की जाएंगी। ऐसे में सवाल यह उठ रहा है कि छात्र सेल्फ-स्टडी और रीविजन के लिए समय कहां से निकालें। दिनभर स्कूल, परीक्षा और प्रैक्टिकल के कारण छात्र शारीरिक व मानसिक रूप से थकान महसूस कर रहे हैं।

दिसंबर माह में 12 से 20 तारीख तक छमाही परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, इसके बाद शीतकालीन अवकाश लग गया। जिले के कई ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में अब भी 15 से 20 प्रतिशत पाठ्यक्रम अधूरा बताया जा रहा है। शिक्षकों के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे अधूरा कोर्स पूरा कराएं या लगातार चल रही परीक्षाओं के संचालन में जुटे रहें।

#### शिक्षकों पर त्वरित परिणाम का दबाव

शिक्षा विभाग द्वारा परीक्षा समाप्ति के तीन दिन के भीतर परिणाम घोषित करने का भी निर्देश दिया गया है। इसका सीधा असर शिक्षकों पर पड़ रहा है। उन्हें दिन में कक्षाएं लेनी हैं, परीक्षा ड्यूटी निभानी है और रात में उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना पड़ रहा है। इतना ही नहीं, शिक्षकों पर शत-प्रतिशत परिणाम और अधिक संख्या में 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाने वाले विद्यार्थियों का प्रदर्शन सुनिश्चित करने का दबाव भी है। साथ ही उन्हें सर्वे और अन्य प्रशासनिक कार्यों में भी लगाया जा रहा है।

#### 20 फरवरी से मुख्य बोर्ड परीक्षा

गौरतलब है कि 20 फरवरी से 10वीं और 12वीं की मुख्य बोर्ड परीक्षाएं शुरू होनी हैं। जनवरी का महीना छात्रों के लिए तैयारी और कमजोरियों को दूर करने का अहम समय माना जाता है, लेकिन मौजूदा हालात में छात्र केवल औपचारिकताओं में उलझकर रह गए हैं। बिना पर्याप्त रीविजन के प्री-बोर्ड देने से छात्रों को कम अंक आने की आशंका है, जिससे उनका मनोबल टूट सकता है। कई छात्र यह तय नहीं कर पा रहे हैं कि वे प्रैक्टिकल की फाइल पूरी करें या प्री-बोर्ड की तैयारी पर ध्यान दें।

# साइबर सेल व संबलपुर पुलिस ने घोरहा खार में मारी रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- 6 जुआवी गिरफ्तार, 27,500 नकद जब्त

साइबर सेल एवं चौकी संबलपुर पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 6 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 27,500 नगद व ताश जब्त की है। 11 जनवरी को साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा एवं चौकी प्रभारी संबलपुर सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम जरहापारा, घोरहा खार में कुछ लोग पैसों का दांव लगाकर काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही साइबर सेल एवं संबलपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने तत्काल दबिश दी। रेड कार्रवाई के दौरान पुलिस को



देखकर कुछ जुआड़ी फरार हो गए, जबकि मौके से 6 जुआड़ियों को पकड़ने में सफलता मिली। पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस चौकी संबलपुर, थाना नवागढ़ में एक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में अजय राजपूत (27 वर्ष), निवासी बोटेबोड, चौकी संबलपुर,जितेंद्र वर्मा (40 वर्ष), निवासी सोनपुरी,शैलेन्द्र वर्मा (19 वर्ष), निवासी जरहापारा, चौकी संबलपुर,परमेश्वर वर्मा (45 वर्ष), निवासी जरहापारा,नरेंद्र पाल (32 वर्ष), निवासी टुरासेमरिया थाना नवागढ़,उमाशंकर साहू (35 वर्ष), निवासी पंडरभट्ठा, थाना मुंगेली सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 एवं धारा 112(2) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई की गई है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन 8 से प्रारंभ

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश प्राक्चयन परीक्षा के माध्यम से दिया जाना है। प्रवेश के लिए ऑनलाईन आवेदन एकलव्य विद्यालयों की विभागीय वेबसाइट के माध्यम से आमंत्रित किए जा रहे हैं। कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए प्राक्चयन परीक्षा का आयोजन 01 मार्च 2026 रविवार को प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि 08 जनवरी 2026 से 07 फरवरी 2026 तक निर्धारित है, जबकि ऑनलाईन भरे गए आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार की अंतिम तिथि 08 फरवरी 2026 से 10 फरवरी 2026 तक रहेगी।

### खाता खोलने बैंकों को दिए गए निर्देश

**कवर्धा।** कबीरधाम जिला अंतर्गत समस्त शालाओं में अध्ययनरत अनूसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की राज्य छात्रवृत्ति का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किए जाने का निर्णय शासन के द्वारा लिया गया है, तथा इस योजना हेतु आधार नंबर का बैंक खाते से सीडेड होना अनिवार्य है। बैंक के अधिकारियों को विद्यार्थियों के नाम पर आधार सीडेड बैंक खाता खोलने के लिए निर्देशित किया गया था। बैंक खाता खोलने के बाद आधार सीडिंग नहीं किए जाने की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने लीड के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिले अंतर्गत संचालित सभी बैंक विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के निःशुल्क आधार-सीडेड बैंक खाते खोलना सुनिश्चित करें तथा जिन विद्यार्थियों के खातों में आधार सीडिंग नहीं है, उनके बैंक खातों में आधार सीडिंग की प्रक्रिया तत्काल पूर्ण कराएं। ताकि विद्यार्थियों को शासन द्वारा प्रदत्त छात्रवृत्ति राशि का लाभ समय पर प्राप्त हो सके।

### अनमैप मतदाताओं के दस्तावेजों का सत्यापन

**कवर्धा।** जिले में एसआईआर के तहत मतदाता सूची अद्यतन करने की प्रक्रिया तेजी से जारी है। सुनवाई चरण में प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात दावा-आपत्ति का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इस दौरान सभी अनमैप मतदाता को नोटिस जारी कर निर्धारित तारीख पर सुनवाई की जा रही है।

## निधन

### शिवकुमार चंद्रवंशी



**कवर्धा।** ग्राम झिरौनी के मालगुजार दाऊ स्व. चतुर सिंह चंद्रवंशी भूतपूर्व प्रथम विधायक कवर्धा के ज्येष्ठ पुत्र शिवकुमार सिंह चंद्रवंशी अधिवक्ता एवं पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं कवर्धा के कुर्मी क्षत्रिय समाज के छात्रावास के आजीवन अध्यक्ष का सोमवार की सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को उनके पैतृक ग्राम झिरौनी में किया जाएगा। श्री चन्द्रवंशी के निधन से समाज के लोगों, कांग्रेस के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों सहित परिजनो में शोक व्याप्त है।

**घोटाला:** केन्द्रों से वर्ष 2024-25 में खरीदा गया 14 करोड़ 37 लाख का धान गायब

# तीन और धान उपार्जन केन्द्रों में करीब 46369 क्विं. धान शॉर्टेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में धान खरीदी व्यवस्था पर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। बाजार चारभांठा धान संग्रहण केन्द्र में वर्ष 2024-25 के दौरान खरीदे गए लगभग सात करोड़ रुपए मूल्य के धान घोटाले का मामला अभी पूरी तरह शांत भी नहीं हुआ था कि अब जिले के तीन अन्य धान उपार्जन केन्द्रों से बड़ी मात्रा में धान के गायब होने का गंभीर मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार इन तीनों केन्द्रों से कुल 46 हजार 369 क्विंटल धान की शॉर्टेज पाई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 14 करोड़ 37 लाख रुपए बताई जा रही है।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह तीनों धान उपार्जन केन्द्र विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। इनमें धान उपार्जन केन्द्र कोदवागोड़ान में 6,561 क्विंटल, सराइसेत में 3,285 क्विंटल तथा कामठी धान उपार्जन केन्द्र में 2,385 क्विंटल धान की शॉर्टेज दर्ज की गई है। इतनी बड़ी मात्रा में धान का गायब होना जिले की धान खरीदी और संग्रहण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उल्लेखनीय है कि हाल ही में जिले के धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभांठा से वर्ष 2024-25 में खरीदे गए लगभग 26 हजार क्विंटल धान के शॉर्टेज का मामला उजागर हुआ था, जिसकी कीमत करीब सात करोड़ रुपए आंकी गई थी। इस प्रकरण में प्रशासन द्वारा केन्द्र प्रभारी को निलंबित करते हुए जिला विपणन अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। हालांकि इस मामले की जांच अभी जारी है और जांच टीम की अंतिम रिपोर्ट अब तक सार्वजनिक नहीं की गई है। अब चारभांठा प्रकरण के बाद जिले के तीन और उपार्जन केन्द्रों से करोड़ों रुपए मूल्य के धान की शॉर्टेज सामने आने से लोगों में शासन-प्रशासन के प्रति असंतोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन-प्रशासन की अनदेखी और कमजोर निगरानी व्यवस्था के चलते कबीरधाम जिले में धान खरीदी के नाम पर बड़े पैमाने पर घोटाले और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है। आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत से धान की हेराफेरी हो रही है और दोषियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई करने के बजाय उन्हें संरक्षण दिया जा रहा है। यह भी उल्लेखनीय है कि धान उपार्जन केन्द्र कोदवागोड़ान में इससे पूर्व भी बड़ा धान घोटाला सामने आ चुका है, बावजूद इसके यहां एक बार फिर भारी मात्रा में धान की शॉर्टेज का मामला सामने आना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। अब देखना यह होगा कि इन नए मामलों में प्रशासन किस प्रकार की जांच और कार्रवाई करता है, या फिर ये करोड़ों के घोटाले भी फाइलों में ही दबकर रह जाएंगे।




### शार्टेज नहीं कबीरधाम जिले में सीधे तौर पर धान घोटाला है

लोगों का साफ कहना है कि जिसे समिति प्रबंधक और प्रशासन सूखत के चलते शार्टेज बता रहा है वह दरअसल सीधे तौर पर धान का घोटाला है। अगर यह वास्तव में सूखद है तो फिर जिले के सभी 108 धान खरीदी केन्द्रों में सूखद होना चाहिए और फिर जिले ही क्यों प्रदेश भर के धान खरीदी और संग्रहण केन्द्रों में शार्टेज होनी चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि सूखद और शार्टेज के नाम पर धान घोटाला का खेल सिर्फ कबीरधाम जिले में ही खेला जा रहा है।

### विपक्षी दल भी मुंह देखकर आरोप प्रत्यारोप की राजनीति

धान घोटाले के इस मामले में विपक्षी दल कांग्रेस भी मुंह देखकर धरना प्रदर्शन करते दिखाई दे रहा है। जिस ढंग से विपक्षी दल कांग्रेस ने बाजार चारभाठा धान संग्रहण केन्द्र से सामने आए सात करोड़ के धान खोटाले के मुद्दे पर धरना प्रदर्शन किया वैसा कुछ विकासखण्ड पंडरिया के धान खरीदी केन्द्रों में धान घोटाले को लेकर देखने को नहीं मिला है। ऐसे में लोग विपक्ष नीति पर भी सवाल उठा रहे हैं।

## सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूल बस चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत माननीय उच्चतम न्यायालय के दिशा-निर्देशों के अनुपालन के लिए पीजी कॉलेज मैदान में परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, यातायात विभाग एवं नगर सेना विभाग द्वारा संयुक्त रूप से स्कूल बसों की जांच तथा प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। परिवहन विभाग के जिला परिवहन अधिकारी मोहन लाल साहू सहित राजेश देवांगन एवं सुमित सोनी की टीम ने बसों में लगे अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकासी द्वार, स्पीड लिमिट डिवाइस, व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस, कैमरा, रिफ्लेक्टिव टेप तथा फर्स्ट-एड बॉक्स सहित सभी सुरक्षा उपकरणों की जांच की। शिविर में जिले के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के 120 बस चालक अपने-अपने वाहनों सहित उपस्थित हुए। यातायात प्रभारी अजयकांत तिवारी एवं टीम ने चालक एवं परिचालकों को यातायात नियमों के पालन तथा सुरक्षित वाहन संचालन संबंधी निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग से डॉ. धीरेंद्र शर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी के नेतृत्व में सभी चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण किया। सड़क सुरक्षा की दृष्टि से चालकों का फिट होना आवश्यक है। नगर सेना अधिकारी श्री श्रीवास्तव एवं टीम ने आगजनी अथवा दुर्घटना की स्थिति में आपातकालीन निकासी, बस में उपलब्ध अग्निशमन यंत्र के उपयोग तथा दुर्घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई के संबंध में प्रशिक्षण दिया। शिविर के माध्यम से चालकों को सड़क सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आपातकालीन प्रबंधन की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# ग्राम बेंदा में बाघिन की चहलकदमी से दहशत?

## दो शावकों के साथ दिखने का ग्रामीणों का दावा



- ग्रामीण की गाय का शिकार किए जाने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत वनांचल क्षेत्र चिल्फी घाटी के सीमावर्ती ग्राम बेंदा में इन दिनों एक बाघिन की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों के अनुसार बीते कुछ दिनों से एक बाघिन अपने दो शावकों के साथ इस क्षेत्र में लगातार चहलकदमी कर रही है। बाघिन को गांव के आसपास और जंगल की सीमा में कई बार देखे जाने की बात कही जा रही है। ग्रामीणों का दावा है कि बाघिन ने गांव के एक ग्रामीण की गाय का शिकार किया है। गाय का कंकाल पास के जंगल क्षेत्र में पड़ा देखा गया है, जिससे बाघिन द्वारा शिकार किए जाने की आशंका और गहराई है। इसके अलावा गांव से एक बकरी के भी अचानक गायब होने की सूचना है, जिसके बारे में ग्रामीणों का अनुमान है कि वह भी इसी बाघिन का शिकार हो सकती है। क्षेत्र में बाघिन की गतिविधियों के चलते ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि खेतों में काम करने, जंगल जाने और बच्चों को बाहर भेजने में भारी डर बना हुआ है। शाम होते ही लोग अपने घरों में सिमटने को मजबूर हैं।

ग्रामीणों ने संभावित खतरे को देखते हुए वन विभाग को इसकी सूचना दे दी है। हालांकि, बाघिन की मौजूदगी और मवेशियों के शिकार की घटनाओं को लेकर वन विभाग ने अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग के किसी भी क्षेत्रीय अधिकारी से संपर्क नहीं हो सका, जिससे विभाग की ओर से स्थिति को लेकर स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

ग्रामीणों ने वन विभाग से क्षेत्र में तत्काल गश्त बढ़ाने, निगरानी दल तैनात करने और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। वन विभाग की अगली कार्रवाई पर अब पूरे क्षेत्र की नजर टिकी हुई है।

### तापमान में बदलाव से फिर बढ़ी ठंड, शीतलहर पर बरते सावधानी

**कवर्धा।** जिले में शीतलहर एवं ठंड का प्रकोप बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुरें ने बताया कि जिले का तापमान दिन के समय 24 सेल्सियस से कम और रात में 10 सेल्सियस से नीचे दर्ज किया जा रहा है। ऐसे में ठंडी हवाओं का स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। डॉ. तुरें ने बताया कि शीतलहर का सबसे अधिक प्रभाव बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, दीर्घकालिक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों एवं उच्च रक्तचाप वाले मरीजों पर पड़ता है। ठंड के कारण रक्त वाहिकाएं सिकुड़ने से हृदय पर दबाव बढ़ जाता है जिससे हृदयघात, ब्रेन स्ट्रोक और अनियमित धड़कन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यदि किसी व्यक्ति में अत्यधिक ठिठुरन, शरीर अकड़ना, उंगलियों का पीला या सफेद होना, सुन्नपन जैसे लक्षण दिखाई दें तो तत्काल नजदीकी चिकित्सक से संपर्क करें।

# अमेरा से कुशयारी तक सड़क मरम्मत की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम अमेरा से कुशयारी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्षो पूर्व निर्मित कराई गई डामरीकृत पक्की सड़क मरम्मत एवं रखरखाव के आभाव में अब दम तोड़ने लगी है। स्थिति ये है कि सड़क का डामर जगह-जगह से उखड़ने लगा है और सड़क में गड्ढे निर्मित हो चुके हैं। जिससे राहगीर वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़के क्षेत्र के कई ग्रामीणों के लिए लाईफ लाईन है इस क्षेत्र के दर्जनो ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है लेकिन समय के साथ मरम्मत एवं रखरखाव के आभाव में अब यह सड़क जर्जर और खस्ताहाल हो चुकी है। उन्होने कहा कि अगर समय रहते संबंधित विभाग व शासन इस उपयोगी सड़क की मरम्मत करा देता है तो ठीक है नहीं तो आने वाले दिनो में सड़क की हालत और ज्यादा खराब होने की पूरी संभावना है। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनो में लोगों को और भी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरूकुल अपराजेय



**कवर्धा।** नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा सदैव ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयत्नशील रहा है। कैसी भी प्रतियोगिता हो हर प्रतियोगिता में गुरुकुल के बच्चों ने अंश ग्रहण कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है । इसी कड़ी में कवर्धा नगर के छीरपानी कॉलोनी मैदान में कबीरधाम शहर प्राईवेट स्कूल संघ के तत्वावधान में इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन 10 से 11 जनवरी तक किया गया। जिसमें नगर के दिल्ली पब्लिक स्कूल, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, गुरुकुल पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, अशोका पब्लिक स्कूल, संस्कार पब्लिक स्कूल, आदर्श विद्या मंदिर एवं रामकृष्ण पब्लिक स्कूल रवेली कुल आठ टीम सम्मिलित हुए। इसमें गुरुकुल ने अपनी अपराजेय छवि को बरकरार रखा है। बताना लाजिमी होगा कि इस प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभाशाली क्रिकेटरों ने अंश ग्रहण किया। इसमें गुरुकुल ने सेमी फाइनल में अशोका पब्लिक स्कूल को 04 रनों से पराजित कर फाइनल में अपनी जगह बनाई और फाइनल मैच में श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल, कवर्धा ने 08 ओवर में 85 रन बनाया जबकि गुरूकुल पब्लिक स्कूल ने मात्र 4.3 ओवर में ही 02 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य को आसानी से हासिल कर विजेता का खिताब हासिल किया। खेले गए चार मैचों में से तीसरे और चौथे मैच के मैन ऑफ द मैच पुरस्कार क्रमशः गुरूकुल के प्रथम चंद्रवंशी, विवेक नेताम को प्रदान किया गया।

### छिरहा में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**कवर्धा।** जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम भारत के महान संत, विचारक और युगप्रवर्तक स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मना रहे हैं। स्वामी विवेकानंद केवल एक संत ही नहीं, बल्कि युवा शक्ति के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने युवाओं को आत्मविश्वास, साहस और चरित्र निर्माण का संदेश दिया। उनका प्रसिद्ध कथन उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए आज भी हमारे जीवन को दिशा देता है। स्वामी विवेकानंद जी का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान प्राप्त करना ही नहीं, बल्कि व्यक्ति के अंदर छिपी हुई शक्तियों को जागृत करना है। उन्होंने सेवा को ही सच्चा धर्म बताया और मानवता की सेवा को ईश्वर की सेवा माना। शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में उनका ओजस्वी भाषण भारत की आध्यात्मिक महानता का प्रतीक बना। आत्मविश्वास, अनुशासन, परिश्रम और सेवा भावना को अपनाकर ही हम एक श्रेष्ठ नागरिक बन सकते हैं। इस जयंती पर हम सभी संकल्प लें कि उनके विचारों को अपने आचरण में अपनाकर राष्ट्र और समाज के निर्माण में योगदान देंगे। कार्यक्रम में व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

6 दिवसीय हिंदू संगम महोत्सव में आयोजित किए जाएंगे विविध कार्यक्रम

# कलश यात्रा के साथ आज से बांधाटोला बोड़ला में हिन्दू संगम महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मौनी अमावस्या के अवसर पर 6 दिवसीय हिंदू संगम महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव की शुरुआत आज 13 जनवरी से होगी, जो 18 जनवरी तक चलेगा। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन वर्ष 2013 की तरह भव्य स्वरूप में संपन्न होगा। हिंदू संगम महोत्सव के प्रथम दिन मातृशक्ति सम्मेलन एवं भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय दुर्गा वाहिनी की संयोजिका सुश्री प्रज्ञा महाला विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। वहीं मातृशक्ति सम्मेलन व कलश यात्रा की संयोजिका श्रीमती भावना बोहरा (विधायक, पंडरिया) रहेंगी। इसी प्रकार 14 जनवरी को हिंदू संगम कार्यक्रम के अंतर्गत परिवार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले पुरुषों के लिए धोती तथा महिलाओं के लिए साड़ी पहनना अनिवार्य किया गया है। आयोजकों ने बताया कि सम्मेलन में भाग लेने हेतु पूर्व पंजीयन आवश्यक होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कुटुंब प्रबोधन प्रमुख रविंद्र जोशी होंगे।

### 18 जनवरी को मौनी अमावस्या पर होगा भव्य हिंदू संगम सम्मेलन

महोत्सव का समापन 18 जनवरी, मौनी अमावस्या को भव्य हिंदू संगम सम्मेलन के साथ होगा। कार्यक्रम संयोजक दुर्गेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2013 से लगातार मौनी अमावस्या के अवसर पर हिंदू संगम कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, और इस वर्ष भी 6 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन से अंतिम दिन तक प्रतिदिन यज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मुख्य अतिथि के रूप में सर सह कार्यवाह रामदत्त चक्रधर तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा की जाएगी। आयोजकों ने हिंदू समाज से अपील करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम सामूहिक सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक हिंदू परिवार से एक मुट्ठी चावल एवं 10 रूपए का सहयोग प्रदान करने की अपील की गई है, जिससे समाज की सहभागिता सुनिश्चित हो सके।

# किशुनगढ़ में एनएसएस शिविर का भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान



किशुनगढ़ में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। शिविर के विद्यार्थियों ने पूरे जोश और आत्मविश्वास के साथ कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम अधिकारी राजेश पाण्डेय के मार्गदर्शन एवं अगुवाई में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमुदाय ने खूब सराहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि फलित साहू मंडल अध्यक्ष, दुल्लापुर रहे। विशिष्ट अतिथियों में रोहित भास्कर पूर्व जनपद सदस्य, मितेन्द्र चंद्राकर एसएमडीसी अध्यक्ष किशुनगढ़, रामकुमार अमृता यादव सरपंच, नर्सिंगपुर, भाजपा नेता निर्मल साकत, वीरेंद्र जागड़े, मनबोध साकत, सुखनन्दन साकत, शंकर साहू, जय चंद्राकर सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे। शिक्षा जगत से प्राथमिक शाला नर्सिंगपुर के श्री ध्रुव, हेमंत चंद्राकर, हायर सेकेंडरी किशुनगढ़ से राम किशोर राजपूत, जगन्नाथ तिवारी, एसके बर्मन, नरेश बौद्ध, के. चंद्राकर, पीआर अंचल, रूबी सिंह ठाकुर, दीपलता तिवारी, पीटीआई मुकेश साहू, लवकेश बाबू, देवांगन, कन्हैया भारत सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं व नागरिक मौजूद थे। इस अवसर पर खैरडोंगरी के प्राचार्य एवं उनकी टीम द्वारा वाद्य यंत्रों के साथ प्रस्तुत गायन कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र, शील्ड एवं नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप



### बीएसपी कार्मिकों को मिला शाबाश श्रेणी पुरस्कार

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में शाबाश' श्रेणी–2 अर्धवार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन संयंत्र भवन में किया गया। संयंत्र की उत्पादकता, सुरक्षा एवं उत्कृष्ट कार्य निष्पादन में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने पुरस्कार विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं उपहार प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है और यह सतत एवं स्थायी उत्पादकता प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राकेश कुमार ने कर्मचारी कल्याण गतिविधियों पर भी ध्यान आकर्षित किया, जिसमें उन्होंने अच्छे कैंटीन सेवाओं, स्वच्छ और सुव्यवस्थित शौचालय सुविधाओं और स्वस्थ कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया।

### शराब भट्ठी में चला चाकू आरोपी हुआ फरार

**पाटन।** पाटन में इंदिरा मार्केट स्थित शराब भट्ठी के पास शराबियों के बीच पीने पिलाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि उन्होंने चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस जब तक वहां पहुंची आरोपी वहां से भाग गया। पुलिस ने आरोपी युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पाटन पुलिस ने बताया कि इंदिरा मार्केट दुर्ग सरस्वती कंसरटेंट कमरा नंबर 218 प्रथम तल निवासी रुपेन्द्र कुमार कल्लम पाटन शराब भट्ठी से शराब खरीद कर आहता में बैठकर पी रहा था। वह आहता के बाहर खड़ी अपनी बाइक स्टार्ट कर घर जा रहा था। इसी दौरान उसका भतीजे प्रहलाद ठाकुर से ग्राम सिकोला निवासी भुरू और अन्य युवक शराब पीने पिलाने की बात पर विवाद करने लगे। रुपेन्द्र ने उन्हें समझाने का प्रयास किया। इस पर भुरू व उसके साथियों ने मारपीट शुरू कर दी। उनमें एक व्यक्ति ने अपने पास रखे धारदार चाकू को निकाला और प्रहलाद ठाकुर की पेट में घुसा दिया। जब वो लहूलुहान होकर गिया गया तो आरोपी वहां से फरार हो गए। पाटन पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रहलाद की हालत गंभीर है उसे बड़े हॉस्पिटल में रेफर किया गया है।

### सेल स्थापना दिवस पर रन फॉर सेल 24 को

**भिलाई।** सेल के स्थापना दिवस पर 24 जनवरी को रन फार सेल 5 किमी पैदल चाल का आयोजन किया गया है। दौड़ सिविक सेंटर मैदान इंदिरा प्लेस से सुबह 8 बजे शुरू होगी। समापन सुबह 10.30 बजे आयोजित है। प्रतियोगिता के प्रतिभागियों में बालिका/महिला और बालक/पुरुष वर्ग में विभाजित किया गया है। बालिका/महिला वर्ग में कक्षा छठवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा पूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियां शामिल हैं। बालक/पुरुष वर्ग में भी कक्षा छठवीं तक, कक्षा सातवीं से बारहवीं तक, बारहवीं से 45 वर्ष तक, 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा पूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) श्रेणियां निर्धारित की गई हैं। प्रतिभागियों को 24 जनवरी को 7 बजे जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में रिपोर्ट करना होगा। विजेताओं को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह सेल प्रशासन द्वारा प्रदान किए जाएंगे। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक बालक व एक बालिका को 5 हजार रुपये पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### ठेठवार समाज के प्रतिनिधि मंडल ने वित्तमंत्री चौधरी से की मुलाकात

**उतई ।** दुर्ग राज ठेठवार ( यादव ) समाज के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश के वितमंत्री ओ पी चौधरी से उनके निवास शंकर नगर रायपुर में मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने दुर्ग राज ठेठवार समाज के द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन 8 फ़रवरी के लिए बतौर मुख्य अतिथि आमंत्रित किया। वित्तमंत्री ओ .पी. चौधरी ने ठेठवार समाज के आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार किया।

# सद्गुरु कबीर साहेब केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के महान संवाहक थे: दीपेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- सामाजिक समरसता और मानवता का दिया संदेश

आज नगर के वार्ड क्रमांक 14 स्थित नवधा चौक में आयोजित श्री सद्गुरु कबीर भजन सत्संग समारोह के समापन अवसर में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम मे सम्मिलित हुए 1 विशिष्ट अतिथि के रूप मे नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक साहू सद्गुरु कबीर साहेब जी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्रवासियों के सुख, शांति एवं मंगलमय जीवन की कामना की। कार्यक्रम मे भजन–सत्संग के माध्यम से सद्गुरु कबीर साहेब जी के भक्ति, समरसता, मानवता एवं सत्य के संदेशों का भावपूर्ण गायन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। कार्यक्रम में विधायक दीपेश साहू ने कहा कि सद्गुरु कबीर साहेब केवल एक संत नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के महान मार्गदर्शक थे। उनके वचनों में सत्य, प्रेम, करुणा और समानता का जो संदेश है, वह आज के समय में और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। कबीर साहेब जी ने जाति, भेदभाव और आडंबर का विरोध कर मानवता को सर्वोपरि रखा, जिससे समाज को एक नई दिशा मिली।

## नवधा चौक में गूंजे सद्गुरु कबीर के वचन

### ऐसे आयोजन समाज में करते हैं सकारात्मक ऊर्जा का संचार: विधायक

विधायक ने आगे कहा कि भजन-सत्संग जैसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को आपसी भाईचारे, सद्भाव और नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से युवाओं को सही मार्गदर्शन मिलता है और समाज में संस्कारों की मजबूती होती है। उन्होंने कहा कि बेमेतरा क्षेत्र की पहचान सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक चेतना से है, जिसे बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।



इस अवसर पर पार्षद विकास तंबोली, नीतू कोठारी, राजू देवांगन, तोकेश्वर साहू, दोहाई लाल वर्मा सोसायटी अध्यक्ष,पूर्व पार्षद देवराम साहू यादव राम साहू,महंत साहेब, लक्षण वर्मा विष्णु वर्मा रामरतन वर्मा डॉ डामीन वर्मा बसावन वर्मा धरम वर्मा, पोषण वर्मा सुरेंद्र साहू अनिल वर्मा सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## डाइट बेमेतरा में 5 दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण प्रारंभ

# योग से मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का होता है बेहतर विकास: डॉ. बंजारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के दिशा-निर्देशानुसार तथा जिले के शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान डाइट में जिले के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों एवं व्याख्याताओं हेतु पाँच दिवसीय योग शिक्षा उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन 12 जनवरी से 16 जनवरी तक किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में डाइट के उप प्राचार्य डॉ. कमल कपूर बंजारे उपस्थित रहे। उन्होंने माँ शारदे की प्रतिमा पर तिलक-चंदन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने योग के महत्व एवं गुणवत्ता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुशासन है, जो मन और शरीर के बीच संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने बताया कि योग शब्द संस्कृत की 'युज' धातु से बना है, जिसका अर्थ जोड़ना या एकत्व स्थापित करना है। योग का उद्देश्य आत्म-साक्षात्कार, मोक्ष एवं कैवल्य की प्राप्ति है।

**प्रतिदिन एक घंटे योग आवश्यक - थलज कुमार साहू:** योग प्रशिक्षण प्रभारी एवं डाइट के व्याख्याता थलज कुमार साहू ने कहा कि योग हमारे जीवन का आधार है। स्वस्थ शरीर एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रतिदिन कम से कम एक घंटा योग को देना ही होगा। उन्होंने बताया कि पैदल चलना भी योग का ही एक स्वरूप है। इस वर्ष का प्रशिक्षण पूर्व वर्ष की तुलना में अधिक व्यवस्थित एवं प्रभावी होगा। मास्टर ट्रेनर नीलिमा साहू ने योग का सामान्य परिचय, दैनिक जीवन में योग का महत्व एवं योगासन के दौरान आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने योग के आठ अंग — यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान एवं समाधि — पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यम के पाँच सिद्धांत (अहिंसा, सत्य, अस्तेय, अपरिग्रह, ब्रह्मचर्य) एवं नियम के पाँच अंग (शौच, संतोष, तप, स्वाध्याय, ईश्वर प्रणिधान) की व्याख्या की।

### मास्टर ट्रेनर ने दी योग के षट्कर्म की जानकारी

मास्टर ट्रेनर भरत लाल साहू ने योग के षट्कर्म - धौती, नेति, वस्ति, त्राटक, नौली एवं कपालभाति - की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 8:00 बजे तक योगाभ्यास कराया जाएगा, जिसमें कुंजल क्रिया, जल नेति, सूत्र नेति, सूर्य नमस्कार, योगासन, प्राणायाम, ध्यान, योगिंग-जॉगिंग एवं जुंबा को भी शामिल किया गया है।

**ये रहे उपस्थित:** प्रशिक्षण में योग प्रभारी थलज कुमार साहू, अनिल कुमार सोनी, जी.एल. खुटियारे, श्रद्धा तिवारी, यमुना जांगड़े, कीर्ति घृतलहरे, कमलेश शर्मा, नागेंद्र शर्मा, अमिंदर भारतीय, पूनम पांडेय, सरस्वती साहू सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षार्थी एवं डाइट के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# कन्या महाविद्यालय में हुआ कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लक्ष्मण प्रसाद वैद्य शासकीय कन्या महाविद्यालय में छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के उद्देश्य से कैंपस कॉलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय की पांच छात्राओं को कैंपस एंबेसेडर के रूप में नियुक्त किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. विनीता गौतम ने छात्राओं को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संबंधित पीओएसएच अधिनियम (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों एवं शिकायत की प्रक्रिया से अवगत कराया तथा सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान सभी छात्राओं, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पीओएसएच अधिनियम पर आधारित लघु फिल्म तथा साइबर सुरक्षा विषयक प्रेजेंटेशन दिखाया गया, जिससे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ी। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा लैंगिक संवेदनशीलता एवं पारस्परिक सम्मान को बढ़ावा देने हेतु सामूहिक शपथ ली गई। साथ ही छात्राओं द्वारा इस गंभीर विषय पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर समाज में सकारात्मक संदेश दिया गया, जिसे उपस्थितजनों ने सराहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर संयोजक डॉ. टिकेंद्र कुमार वर्मा ने पीओएसएच अधिनियम की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए सभी अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्राओं का आभार व्यक्त किया।

# बस्ता विहीन स्कूल दिवस पर बच्चों को मिला खेलकूद का उपहार



हरिभूमि न्यूज:साजा

- राष्ट्रीय शिक्षक रत्न समता अवार्ड मिलने पर खेल सामग्री का वितरण

शनिवार बस्ता विहीन स्कूल के दिन प्रधान पाठक धनेश रजक ने राष्ट्रीय शिक्षक रत्न समता अवार्ड मिलने की खुशी में अपने विद्यालय बच्चों को क्रीडा कीट भेंट किया।

बच्चों को बैंट,बाल, बेडमिंटन, शटल कॉक, फूटबाल, रस्सी कूद के लिए रस्सियां, बच्चे खेलकूद का सामाग्री पाकर बहुत ही खुश हुऐ। इससे पहले प्रधान पाठक धनेश रजक अपने विद्यालय हित बच्चों के हित मे बहुत सा सराहनीय कार्य कर चुके हैं। इस अवसर पर मिडिल स्कूल प्रभारी प्रधान पाठक तारकेश्वर निर्मलकर ने प्रधान पाठक धनेश रजक के इस सराहनीय पहल का सराहना किया और कहा हमारे रजक भाई हमेशा बच्चों के हित मे विद्यालय मे काम कर रहे हैं, इनके सेवा प्रशंसनीय है। शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप ने बच्चों को खेल कूद के फायदे बताए सभी खेल खिलाड़ी के नाम बताएं,और धनेश रजक के इस क्रीडा सामाग्री बच्चों के भेंट करने पर विद्यालय परिवार की ओर धन्यवाद ज्ञापित किये।

सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम ने कहा हमारे प्रधान पाठक नेक दिली इंसान है, हमेशा रजक सर मे सहयोग की भाईचारे की और बच्चों विद्यालय के प्रति कुछ अच्छा कर गुजरने की इच्छा दिखती है ,और लगातार स्वंय के खर्च से बच्चों के हित मे काम कर रहे हैं। प्रधान पाठक धनेश रजक ने कहा मुझे खुशी महसूस हो रही है बच्चों को खेल सामग्री वितरण कर, बच्चों की खेल कूद को बढ़ावा देने के लिए यह क्रीडा सामान भेंट किया हुं,ताकि बच्चे स्वस्थ मन से खेले और शारीरिक व्यायाम भी हो जाये, बच्चों मे खेलकूद से नेतृत्व क्षमता बढ़ता है,सो बच्चे खेलेकूदे मस्त और स्वस्थ रहे।


### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रभारी प्रधान पाठक तारकेश्वर निर्मलकर,शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप, सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम, स्वयं सेवी शिक्षिका गुनिता यामिनी निर्मलकर और कक्षा एक से आठवीं तक के छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# नल के पानी से निकल रहे कीड़े, बसंतपुर क्षेत्र के लोगों में आक्रोश...सेहत पर पड़ रहा सीधा असर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव





शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल मिले इसके लिए गंभीरता दिखाते हुए महापौर मधुसूदन यादव और नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा द्वारा शहर के विभिन्न पानी टंकियां की सफाई कराई जा रही है। लेकिन शहर के कई क्षेत्रों में वाटर सप्लाई पाइप लाइन को लेकर ध्यान नहीं दिए जाने के चलते लोगों के घरों तक गंदा पानी पहुंच रहा है। जल संयंत्र में वाटर फिल्टर किया जा रहा है, टंकियां की सफाई की जा रही है, लेकिन लोगों के घर तक पहुंचने वाले पाइप लाइन में खामियां नजर आती है। कई क्षेत्रों में पाइपलाइन नाली से होकर गुजर रही है। वही पाइपलाइन में लिकेज के चलते लोगों के घरों तक साफ पानी नहीं पहुंच रहा। वार्ड नंबर 42 में नल से आ रहे पानी में लोगों को बारीक इल्लियाँ और परजीवी कीड़े दिखाई दिए। पूर्व पार्षद के द्वारा तत्काल इसकी सूचना निगम आयुक्त को दी गई। इसके बाद आयुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जल विभाग की टीम को मौके पर भेजा। नगर निगम की टीम के द्वारा पाइप लाइन में लीकेज की जांच के लिए जेसीबी की मदद से गड्ढा कर समस्या की तलाश की

**पाइपलाइन फूटने के भी मामले:** इंदौर में दूषित पेयजल से हुई मौत के बाद पेयजल को लेकर गंभीरता दिखाई जाना लाजमी भी है। निगम द्वारा टंकियों की सफाई तो की जा रही है लेकिन पाइपलाइन में लीकेज के चलते शुद्ध पानी लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। बताया जा रहा है कि कई क्षेत्रों में अभी पुराने पाइपलाइन के माध्यम से ही वे जल सप्लाई हो रही है। वही नई पाइपलाइन को भी पुराने पाइपलाइन से जोड़ दिया गया है। जिसकी वजह से पाइप लाइन फूटने की समस्या है ।

### शुद्ध पानी के लिए संघर्ष

बसंतपुर क्षेत्र में इससे पहले भी पेयजल को लेकर समस्या सामने आई थी। यहां पर दूषित पानी पहुंचने से लोगों को पीलिया और चर्म रोग हुआ था। वहीं अब नल के पानी से कीड़े निकालने की वजह से लोगों में इसको लेकर आक्रोश नजर आ रहा है। इस क्षेत्र में लगातार शुद्ध पेयजल को लेकर लोगों को संघर्ष करना पड़ रहा है।

### पूर्व पार्षद ने लगाया आरोप

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि वाटर सप्लाई के लिए जिस भगोड़ी कंपनी को काम से बाहर किया गया था, उसे पुनः काम सौंपना भी गंभीर मामला है। आज उसी लापरवाही का नतीजा सामने है। उन्होंने कहा कि पहले भी कंपनी के लापरवाही सामने आ चुकी है इसके बाद फिर से इसे काम देना लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ है।

### तापमान पहुंचा 10 डिग्री, अगले तीन दिन मिलेगी राहत, फिर लुढ़केगा तापमान

**राजनांदगांव।** पिछले कुछ दिनों से जारी ठंड के कहर से राहत मिलने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिन तक अंचल में न्यूनतम तापमान में मामूली बढ़त देखने को मिलेगी। हालांकि उसके बाद फिर से ठंड में इजाफा देखने को मिल सकता है। बताया गया कि गुरुवार के बाद से दोबारा रात के तापमान में गिरावट देखी जा सकती है। इधर सोमवार को अंचल का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री पर पहुंच गया है। इधर मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार अंचल सहित छत्तीसगढ़ में अगले कुछ दिनों तक कड़ाके की ठंड से राहत रहेगी। रात के तापमान में थोड़ी वृद्धि दर्ज की गई है, यह अभी सामान्य के आसपास है।

## आज राजनांदगांव में होगा पट्टाचार्य का आगमन, तैयारियां पूरी

# पट्टाचार्य का डोंगरगढ़ आगमन, भक्तों ने लगाए जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंगरगढ़

108 पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ (25 मुनिराज) का 12 जनवरी सोमवार को प्रातः धर्म नगरी डोंगरगढ़ में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर साधर्मी बंधुओं ने जय–जयकार कर मुनिसंघ की अगवानी की। वहीं पट्टाचार्य के आगमन पर सभी साधर्मियों ने घर के सामने एवं रास्तों में रंग-बिरंगी रंगोली बनाकर एवं मुनि संघ की आरती कर एवं उनके पाद प्रक्षालन कर उनका अपने नगर में हर्षोलास के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया।

पंडित जवाहर लाल नेहरु महाविद्यालय के पास से शोभायात्रा कचहरी चौक से भगत सिंह चौक होते हुए श्री दिगम्बर जैन मंदिर पहुंची। मुनिसंघ ने श्री दिगम्बर जैन मंदिर में भगवान के दर्शन किये तत्पश्चात जैन भवन में श्री दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष अनिल जैन, कोषाध्यक्ष जय कुमार जैन एवं सचिव सुरेश चन्द जैन और उपस्थित महानुभावों ने मुनि संघ के साथ पद विहार कर आ रहे साधार्मियों को श्रीफल भेंट कर, तिलक लगाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया एवं कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगलाचरण कर, भगवान का चित्र अनावर्ण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया।



### चंद्रगिरी भी गए पट्टाचार्य

दोपहर में 108 पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी ससंघ (25 मुनिराज) श्री दिगम्बर जैन अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी एवं 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी के समाधी स्थली के दर्शनार्थ चंद्रगिरी पहुंचे। यहाँ मुनिसंघ की अगवानी के लिये 105 आर्यिका श्री सिद्धांतमति माता जी ससंघ, प्रतिभास्थली कि छात्राये एवं ब्रह्मचारिणी दीदीयां उपस्थित थी जिन्होंने रंग बिरंगी रंगोली बनाकर, आरती कर एवं पाद प्रक्षालन कर मुनिसंघ का स्वागत, अभिनन्दन किया।

### जीव दया सर्वोपरि: पट्टाचार्य

अपने संबोधन में पट्टाचार्य श्री विशुद्धसागर महाराज जी ने कहा जीव दया सर्वोपरि है, एक चीटी की जान बचाना भी दया धर्म है और अहिंसा का मार्ग है। जीव की कभी मृत्यु नहीं होती है, वह एक पर्याय से दूसरी पर्याय में अपने कर्म के अनुरूप भ्रमण करते रहता है. मनुष्य, तिर्यंच, देव, नारकी। जिस प्रकार जल का स्वाभाव शीतल, अग्नी का स्वभाव उष्ण होता है उसी प्रकार हर कार्य का कोई न कोई कारण अवश्य ही होता है. बीना कारण के कोई कार्य नहीं होता है परन्तु कोई भी कार्य धर्म नहीं होता है धर्म तो धर्म ही होता है।

## पेज 11 के शेष

### पैसों के विवाद में बड़े ...

तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। **आरोपी गिरफ्तार, स्वीकारा अपराध:** पुलिस चौकी देवरबीजा प्रभारी सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई। पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी जगमोहन देशलहरे (32 वर्ष) पिता स्व. सनत देशलहरे, निवासी वार्ड क्रमांक 20, इंदिरा आवास पारा, देवरबीजा ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि 11 जनवरी की रात शराब के लिए पैसे नहीं मिलने के कारण वह लगातार नाराज था और 12 जनवरी की तड़के गुस्से में आकर उसने हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर प्रस्तुत किया है। इस संपूर्ण कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक रेशम लाल भास्कर सहित प्रधान आरक्षक आनंद कोठारी, नंदलाल चतुर्वेदी, आरक्षक रामगोपाल निषाद, सबित गोयल, रवि साहू, गजानंद पटेल, मुकेश राजपूत, छोटू राम टेम्बुकर एवं चौकी देवरबीजा के पुलिस स्टाफ की भूमिका रही।

### पढ़े-लिखे युवाओं के लिए जीवनसाथी ...

प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच के पदाधिकारियों, सदस्यों एवं महिला इकाई का विशेष योगदान रहा। समापन समारोह में परिचय सम्मेलन में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों एवं मंच के श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा बिलासपुर, शक्ति, दुर्ग सहित विभिन्न जिलों से पहुंचे समाजसेवियों, कार्यकर्ताओं एवं महिला सदस्यों की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही।कार्यक्रम में सहयोग करने वाले अन्य सहयोगियों का भी सम्मान किया गया। समापन अवसर पर प्रदेश महामंत्री पंकज अग्रवाल ने आभार प्रदर्शन करते हुए सम्मेलन में पहुंचे देशभर के समाजबंधुओं एवं आयोजन में सहयोग देने वाले सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं बाहर से आए समाजबंधुओं ने कहा कि यह परिचय सम्मेलन पूरे देश में अग्रवाल समाज का एक बड़ा एवं व्यवस्थित आयोजन है, जिससे विवाह योग्य युवाओं के लिए रिश्ते तलाशने में वास्तविक मदद मिलती है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

### साइबर सेल व संबलपुर ...

**इनकी भूमिका रही अहम:** इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी प्रभारी एएसआई रघुवीर सिंह, प्रधान आरक्षक योगेश यादव, लोकेश सिंह सहित आरक्षक संजय पाटिल, नुरेश वर्मा, रेखन साहू, संतोष धीवर, मुकेश माहिरे, जयकिशन साहू, सुरेश कुमार तथा चौकी संबलपुर के आरक्षक जितेंद्र धनकर एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### पार्षद को जान से मारने की धमकी

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा पार्षद के साथ गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि ग्राम सोमनी निवासी तुशांत वर्मा वार्ड 38 का पार्षद है। उसके मकान से लगे खेत में मवेशियों से सुरक्षा के लिए तार घेरा किया गया है। 8 जनवरी को वार्ड के एक युवक ने खेत में लगे लकड़ी खंभों को उखाड़ा और अपने साथ ले जाने लगा, इस पर पार्षद ने उसे मना किया। इसके बाद 10 जनवरी की रात घर में खाना खाते समय संदीप लहरे, तेज प्रकाश लहरे आए और उससे विवाद कर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने पार्षद को जान से मारने की धमकी दी।

### मकान का ताला तोड़कर 3.50 लाख के जेवरात पार

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने आलमारी से सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम पार कर दिया। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच जारी है। छावनी पुलिस ने बताया कि नेहरू चौक बजरंग मैदान वार्ड 27 शास्त्री नगर कैम्प 1 निवासी प्रमिला सिन्हा अपने मकान में ताला जड़कर अपने पति रामलाल सिन्हा जो कार्यपालन अभियंता के पद पर कोंडागांव में पदस्थ है। उनके यहां गई हुई थी। कमरे के अंदर में रखे आलमारी से सोने के जेवरात अमरिकन डायमंड लगा हुआ सोने का कान का टाप 3 जोडी, अमेरिकन डायमंड अंगूठी 1 चांदी का सिक्का, पायल, बिछिया, करधन समेत तथा 10, 20, 100, 200, 500 के नोट गडडी रखा हुआ था। अज्ञात ने ताला तोड़कर सारा जेवरात व नगदी रकम लेकर फरार हो गया। चोरी हुए सामानों की कीमत 3.5 लाख रुपए आंकी गई है। चोरी के बारे में कोई जानकारी नहीं मिलने पर छावनी पुलिस में शिकायत किया। मामले में पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

### इन्वेस्टमेंट और शेयर मार्केट के नाम पर लाखों की ठगी

**भिलाई।** साइबर ठगी करने के मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। साइबर पुलिस ने बताया कि एलआईजी 02/2089 हाउसिंग बोर्ड कोहका निवासी शुभम जायसवाल के मोबाइल नंबर पर अज्ञात ने वाट्सअप कॉल किया। स्वयं को ब्रड सिक्योरिटी नामक कंपनी से होना बताकर इन्वेस्टमेंट कर लाभ कमाने का झांसा दिया। इसके बाद उसे वाट्सअप पर लिंक भेजा गया, जिसे क्लिक करने पर क्यू आर कोर्ड आया।

## निधन

### रामेश्वर प्रसाद गुप्ता



**देवकर।** नगर के वार्ड नंबर 05 निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामेश्वर प्रसाद गुप्ता (82 वर्ष) आज सोमवार रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे विकास गुप्ता, विवेक गुप्ता के पिता थे, जिनका अंतिम संस्कार देवकर बस स्टैंड के पीछे शाम 5 बजे मुक्तिधाम में किया गया। अंत्येष्टि में स्वजन व देवकर वासी बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।

**आयोजन**

गायत्री परिवार के तत्वावधान में जिला स्तरीय भव्य आयोजन

# नशा मुक्ति युवा सम्मान एवं बाल संस्कारशाला वार्षिकोत्सव में 270 युवाओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज. नवागढ़/नांदघाट/बदनारा



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार शाखा नवागढ़ द्वारा ग्राम बदनारा में जिला स्तरीय नशा मुक्ति युवा सम्मान एवं बाल संस्कारशाला वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर हुए इस विशेष कार्यक्रम में 270 नशा मुक्त युवाओं का सम्मान कर उन्हें समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया गया।

- राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर युवाओं और बच्चों ने दिया जागरूकता का संदेश

कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न गांवों से आए बाल संस्कारशाला के बच्चों, युवाओं एवं जनप्रतिनिधियों की भव्य जागरूकता रैली से हुई। रैली बाजार चौक से होते हुए महामाया पारा, साहू पारा, डीपरा पारा एवं गायत्री मंदिर मार्ग से गुजरकर पुनः कार्यक्रम स्थल पहुँची। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने चौक–चौराहों पर लोगों को संबोधित कर स्वामी विवेकानंद जयंती तथा नशा मुक्ति कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया।

**ध्वजारोहण और दीप प्रज्वलन के साथ शुभारंभः** ग्राम सरपंच भूखनी जांगड़े द्वारा राष्ट्रगान के पश्चात धर्म ध्वज फहराकर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया गया। अतिथि गणों के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन कर समृद्ध संस्कृति एवं संस्कारों के संरक्षण का संकल्प लिया गया।

### बच्चों की प्रतिभा ने जीता मन

बाल संस्कारशाला के बच्चों ने बौद्धिक प्रश्नोत्तरी, रिंग घूमाना, गुब्बारा फुलाना जैसे रोचक खेलों के माध्यम से उपस्थित जनों का मनोरंजन किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में प्रेरणादायी गीत एवं नशा मुक्ति, अन्न की बर्बादी, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा का महत्व जैसे सामाजिक विषयों पर आधारित नाटकों ने लोगों को चिंतन के लिए प्रेरित किया।

### विशिष्ट अतिथियों का उद्बोधन

डिवाइड इंडिया यूथ एसोसिएशन के प्रांतीय संयोजक डॉ. पी.एल. साव ने युवा कौन? विषय पर प्रभावी उद्बोधन देते हुए कहा— युवा वह है जो वायु की गति से चलता है, जोश के साथ होश रखकर समाज और राष्ट्र को नई दिशा देने का सामर्थ्य रखता है। जिला पंचायत सभापति अंजू बघेल ने युवाओं से नशा त्यागने की अपील की। जनपद पंचायत नवागढ़ के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू ने इस कार्यक्रम को जिले का पहला अनूठा प्रयास बताते हुए इसे प्रतिवर्ष आयोजित करने हेतु प्रेरित किया। सर्व समाज छत्तीसगढ़ के महासचिव लखन साहू ने सम्मानित युवाओं को अपने गांवों में युवा टीम बनाकर आदर्श नशा मुक्त ग्राम बनाने का आह्वान किया।

### युवाओं को किया सम्मानित

कार्यक्रम में 270 नशा मुक्त युवाओं को सम्मान पत्र एवं मंत्र दुपट्टा प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### इनका रहा विशेष योगदान

पं. ओमप्रकाश ठाकुर, जनपद सदस्य शिवकुमार साहू, उपसरपंच रामविलास साहू, खोमराम साहू, डॉ. जीवन साहू, वीरेंद्र जायसवाल, द्रोपद साहू, स्वतंत्र साहू, बदनारा सीएसी अशोक कुमार भारती, शैलेंद्र शास्त्री राजिम आश्रम, इंजीनियर युगल किशोर, कमोद ठाकुर, भवमोचन वर्मा, मनोज वर्मा, हेमकुमार साहू, हंस राम साहू, दिलेश्वर साहू, कुलदीप वर्मा, संतोष साहू, शिवकुमार साहू, सुरेंद्र साहू, रोहित साहू, विष्णु साहू, कोदूराम साहू, जितेंद्र मानिकपुरी, चिंताराम, चैतराम, गेंदु निषाद, बुधे निषाद, विशहत निषाद, मोहिनी, भारती, इंद्र कुमार, बलराम आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## स्वामी विवेकानंद के विचारों से युवाओं में आत्मनिर्भरता और राष्ट्रसेवा का संचार



**बेमेतरा।** रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र ग्राम ढोलिया में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस का प्रेरणादायी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने की। इस अवसर पर डॉ. भंडारकर ने छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक प्रकाशस्तंभ हैं। युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और मानवता की सेवा को अपने जीवन का मूल मंत्र बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसमें शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का समन्वय भी आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद के प्रसिद्ध उद्घोष "उठो, जागो और लक्ष्य प्राप्त होने तक मत रुको" को स्मरण करते हुए उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि इस विचारधारा को आत्मसात कर वे न केवल व्यक्तिगत सफलता प्राप्त करें, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भूमिका निभाएँ।

- कृषि महाविद्यालय ढोलिया में राष्ट्रीय युवा दिवस का भव्य आयोजन

### युवा ऊर्जा और उत्साह से सराबोर रहा कॉलेज परिसर

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर युवा ऊर्जा और उत्साह से सराबोर नजर आया। छात्र–छात्राओं ने गीत, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन, राष्ट्रप्रेम और युवा शक्ति की भूमिका को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण अत्यंत प्रेरणादायी बन गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ. यू. के. ध्रुव, डॉ. टी. डी. साहू, डॉ. असित कुमार, कुंती बंजारे, डॉ. भारती बघेल, डॉ. हेमलता निराला, डॉ. प्रीती पैंकरा, डॉ. साक्षी बजाज, प्रतिभा सिंह, डॉ. सरिता शर्मा, डॉ. महानंद साहू, डॉ. रामेश्वर पटले, संजीव गुर्जर सहित कर्मचारीगण एवं बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर में धूमधाम से मना राष्ट्रीय युवा दिवस



**नवागढ़ ।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल नवागढ़ में स्वामी विवेकानंद की 163वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक सीमा जायसवाल द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने अपने भाषणों में विवेकानंद के ओजस्वी एवं प्रेरक विचारों को अभिव्यक्त करते हुए उनके जीवन और दर्शन को याद किया। विद्यालय प्रमुख विरेंद्र जायसवाल ने इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को युवा दिवस की बधाई देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने अपने विचारों से न केवल भारत को नई दिशा दी, बल्कि युवाओं को आत्मविश्वास, चरित्र निर्माण और लक्ष्य के प्रति समर्पण का संदेश दिया, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बैंड-बाजे के साथ भव्य रैली निकाली गई, जिसमें नगर भ्रमण कर आमजन को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएँ दी गईं। विद्यार्थियों ने नगरवासियों को विवेकानंद जी के आदर्शों पर चलने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।

### कई स्पर्धाओं का हुआ आयोजन

विद्यालय में इस अवसर पर कैरम, शतरंज, बैडमिंटन, स्लो साइक्लिंग, फास्ट साइक्लिंग, तात्कालिक भाषण, रंगोली एवं पोस्टर मेकिंग सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि सौरभ ताम्रकार और विद्यालय प्राचार्य नरेश कुमार साहू द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएँ एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पूरे दिन विद्यालय परिसर में उत्साह, ऊर्जा व प्रेरणा का वातावरण बना रहा।

## मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधाराज के वार्षिक अधिवेशन में युवा सरपंच चंदन नायक का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरला

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधाराज का वार्षिक अधिवेशन बेमेतरा जिले के ग्राम खर्रा में पारंपरिक रीति-रिवाजों, सामाजिक एकता और उत्साहपूर्ण वातावरण के बीच गरिमामय रूप से संपन्न हुआ। अधिवेशन में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में समाजबंधुओं की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान किया।

- जनसेवा, पारदर्शी प्रशासन और विकास कार्यों के लिए मिला विशेष सम्मान

अधिवेशन के दौरान ग्राम पंचायत आनंदगांव के युवा, ऊर्जावान एवं कर्मठ सरपंच चंदन नायक को उनके उत्कृष्ट जनसेवा कार्यों, पारदर्शी प्रशासन एवं ग्राम विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशेष सम्मान से नवाजा गया। समाज के पदाधिकारियों द्वारा उन्हें शॉल, श्रीफल एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सरपंच चंदन नायक ने अल्प समय में गांव के सर्वांगीण विकास को नई दिशा दी है। उनके नेतृत्व में पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता, सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने समाज के युवाओं के लिए एक प्रेरणास्रोत बनकर उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्मान समारोह में सरपंच चंदन नायक ने कहा कि "यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे ग्रामवासियों और समाज का सम्मान है।" उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संकल्प लिया कि वे भविष्य में भी जनहित और समाजहित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में समाज के उज्ज्वल भविष्य, युवाओं की सक्रिय भागीदारी एवं सामाजिक एकता पर विस्तार से चर्चा की गई। अधिवेशन का समापन सामूहिक भोज एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडासाराम वर्मा, धमधाराज की राजप्रधान सत्याभामा परगनिहा, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रायपुर लक्ष्मी वर्मा तथा दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

## शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन

**बेरला।** शासकीय पॉलिटेक्निक बेरला द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद एआईसीटीई और छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू भिलाई के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद की 164वीं जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में 12 जनवरी 2026 को एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता कार्यक्रम स्वदेशी संकल्प दौड़ आयोजित किया जा गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 12:00 बजे से 3 बजे तक किया गया। इस रैली का मार्ग संस्थान परिसर बेरला से स्थानीय सार्वजनिक स्थल, बाजार, परशुराम चौक तक और वापसी हुआ। प्रतिभागी संस्थान के एनएसएस स्वयंसेवक, छात्र




एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्ययुवाओं में टीम वर्क, शारीरिक फिटनेस और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में प्रभारी अध्यक्ष डॉ जगपाल बल सिंह एवं सहायक प्रभारी प्रीमेंद्र कुमार देशलहरे के मार्गदर्शन से सम्पन्न कराया गया। साथ ही अधिकारी कर्मचारीगण हरिशंकर स्वर्णकार, दीक्षित आर्य, छत्रपाल डडसेना, अनिल सोनी, बाहोरिक साहू, वंदना जालान, आकांक्षा शुक्ला, दिव्यांश चंद्रवंशी, गौरव गुप्ता, दानेश्वर ताम्रकार, सुश्री नूतन साहू, दिव्या वर्मा, काजल कुर्रे। साथ ही इस रैली में यातायात प्रभावित ना हो इसके लिए स्थान बेरला जिला बेमेतरा से थाना प्रभारी राज कुमार साहू एवं आरक्षक भावेश पूरी, धन सायं द्वारा स्वदेशी संकल्प दौड़ में छात्र-छात्राओं को सुरक्षा प्रदान कर आवश्यक सहयोग प्रदान किया गया।

## नवीन पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण के उद्देश्य और आवश्यकता पर हुई विस्तृत चर्चा



**बेमेतरा।** विकासखंड बेरला के भिभौरी जोन में नवीन पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्य अतिथि गुरविंदर कौर, जोन प्राचार्य भिभौरी के प्रेरक उद्बोधन के साथ हुआ। उन्होंने कहा कि सीखना मानव की स्वाभाविक प्रवृत्ति है और प्रत्येक दिन हमें कुछ नया सीखने का अवसर मिलता है। सीखी गई जानकारियों को आपस में साझा करना शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाता है। प्रत्येक प्रशिक्षण अपने आप में नई रोचकता और ऊर्जा प्रदान करता है। प्रशिक्षण के दौरान भिभौरी जोन प्रभारी मनोज वर्मा ने प्रशिक्षण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा करते हुए सभी प्रतिभागियों को सक्रिय सहभागिता के माध्यम से प्रशिक्षण को रोचक एवं उपयोगी बनाने के लिए प्रेरित किया। वहीं जोन प्रभारी श्यामलाल साहू ने व्यवस्था, समयबद्धता एवं अनुशासन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआरजी जोगीराम वर्मा द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों का परिचय गतिविधियों के माध्यम से कराया गया, जिससे एक-दूसरे के कार्य, अनुभव एवं विद्यालयीन उपलब्धियों की जानकारी प्राप्त हुई। एससीईआरटी से कोर मेंबर पवन कुमार देवांगन ने प्रशिक्षण की आवश्यकता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए भाषा विकास के फोर ब्लॉक मॉडल तथा नवाचार के विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से शाहिद जमाल ने एनसीएफ एवं एमएलई विषयों को उदाहरणों के माध्यम से सरल एवं विस्तृत रूप में समझाया। मास्टर ट्रेनर अखिलेश्वर पाटिल ने द्वितीय सत्र का शुभारंभ मनोरंजक एवं सहभागितापूर्ण गतिविधियों के साथ किया, जिसमें सभी प्रशिक्षार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही।

- भिभौरी जोन में नवीन पाठ्यपुस्तक प्रशिक्षण का द्वितीय चरण शुरू

**ये रहे उपस्थितः** इस अवसर पर भिभौरी जोन से सीएसी सुरेन्द्र देवदास, किशोर सिन्हा, संतोष ध्रुव, मनोज वर्मा, केवरा सेन, श्यामलाल साहू सहित कुल 44 प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे, जिन्होंने अत्यंत तन्मयता के साथ प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में सहभागिता निभाई।

बेमेतरा जिले के विकास और किसानों के मुद्दों पर हुई चर्चा

## योगेश तिवारी ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव से की शिष्टाचार भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



भारतीय जनता पार्टी किसान नेता एवं सर्व हिंदू समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेश तिवारी ने रायपुर स्थित निवास पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव से शिष्टाचार भेंट की।

यह मुलाकात आत्मीय एवं सकारात्मक वातावरण में संपन्न हुई, जिसमें संगठन, जनसेवा और क्षेत्रीय विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई भेंट के दौरान बेमेतरा जिले के समग्र विकास, जिला पंचायत स्तर पर संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, ग्रामीण अधोसंरचना, किसानों की समस्याओं तथा जिले की वर्तमान सामाजिक, आर्थिक एवं संगठनात्मक परिस्थितियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। योगेश तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष को जिले में किसानों, ग्रामीण अंचलों, युवाओं एवं आमजन से जुड़े जमीनी मुद्दों से विस्तारपूर्वक अवगत कराया और कृषि, सिंचाई, रोजगार, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य जैसे विषयों पर अपनी बात रखी। इस दौरान जिले में विकास कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने, योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा संगठन और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। योगेश तिवारी ने बेमेतरा जिले को किसान-हितैषी एवं विकासशील मॉडल जिला के रूप में स्थापित करने की दिशा में मार्गदर्शन प्राप्त किया। प्रदेश अध्यक्ष से मिले सकारात्मक सुझावों को लेकर उन्होंने जिले में जनसेवा और संगठनात्मक कार्यों को और अधिक सक्रियता से आगे बढ़ाने का संकल्प व्यक्त किया इस अवसर पर योगेश तिवारी ने प्रदेश अध्यक्ष से बेमेतरा जिले को समय देने का आग्रह किया, ताकि जमीनी स्तर पर संगठनात्मक मजबूती और विकास कार्यों की समीक्षा की जा सके। जिस पर प्रदेश अध्यक्ष ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए शीघ्र ही बेमेतरा आगमन की सहमति प्रदान की ।



